**Seat No. : _______________**

# DA-120

**December-2013**

## M.A. (Sem.-III)

## 504 : Hindi

## (EA – दलित साहित्य)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (क) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **500-600** शब्दों में दीजिए : **10**
   (1) दलित साहित्य की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसके सामाजिक एवं धार्मिक संदर्भ पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।
   (2) दलित शब्द को समझाते हुए दलित साहित्य के इतिहास का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

   (ख) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों में दीजिए : **4**
   (1) दलित साहित्य में ज्योतिबा फुले का योगदान ।
   (2) दलितों की स्थिति : ऐतिहासिक संदर्भ में ।

2. (क) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **500-600** शब्दों में दीजिए : **10**
   (1) दलित साहित्य में सौंदर्य साहित्य की चर्चा कीजिए ।
   (2) मराठी साहित्य में दलित लेखन ।

   (ख) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों में दीजिए : **4**
   (1) दलित साहित्य और राजनीति ।
   (2) दलित साहित्य की आर्थिक मान्यताएँ ।

3. (क) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **500-600** शब्दों में दीजिए : **10**
   (1) 'दोहरा अभिशाप' एक आत्मकथात्मक उपन्यास है । – सिद्ध कीजिए ।
   (2) 'दोहरा अभिशाप' उपन्यास में नारी को स्त्री एवं दलित दोहरे रूप से झेलना पड़ा है' – लेखिका को केन्द्र में रखकर उपर्युक्त विधान की समीक्षा कीजिए ।

   (ख) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों में दीजिए : **4**
   (1) 'दोहरा अभिशाप' – शीर्षक ।
   (2) देवेन्द्रकुमार ।

4. (क) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **500-600** शब्दों में दीजिए : **10**
   (1) 'जूठन' आत्मकथा में लेखक के पाठशाला के अनुभव ।
   (2) एक सफल आत्मकथा के रूप में 'जूठन' आत्मकथा का मूल्यांकन कीजिए ।

   (ख) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों में दीजिए : **4**
   (1) सुखदेवसिंह त्यागी के घर जूठन माँगनेवाला प्रसंग ।
   (2) 'जूठन' - शीर्षक ।

5. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : **14**

(1) दलित साहित्य का उद्‌गम बिन्दु _________ कविता को माना जाता है ।
(अछूतों की कविता, अछूतों की शिकायत, अछूतों की समस्या)

(2) ब्राह्मणवाद का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ __________ है । (मनुस्मृति, मनुकृति, मनुश्रुति)

(3) दलित साहित्यकारों ने अपना शक्तिपुंज __________ को माना है ।
(डॉ. जावड़ेकर, ज्योतिबा फुले, डॉ. आंबेडकर)

(4) '________ अपना ही है' आत्मकथा के रचनाकार सावित्रीबाई फुले हैं । (धर्म, यश, धन)

(5) यदुनाथ थत्ते ने यह घोषित किया कि आचार्य जावड़ेकर द्वारा क्रांति को _________ रस माने जाने के क्रम में ही आक्रोश को भी उसके आगे का रस मानना चाहिए । (दसवाँ, ग्यारहवाँ, बारहवाँ)

(6) '_________ साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' पुस्तक के कारण दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र की चर्चा को अधिक गति मिल गई । (दलित, पीड़ित, अब्राह्मणी)

(7) ओमप्रकाशजी _________ की बारात में सलाम देने गए थे । (हिम्मतसिंह, हिरनसिंह, हिरमसिंह)

(8) लेखक से _________ हेड मास्टर झाड़ू लगवाते थे । (कलीराम, बलीराम, शनिराम)

(9) कौसल्या की कुल मिलाकर ________ बहनें जीवित थीं । (पाँच, चार, छः)

(10) कौसल्या के ________ की परवरिश सारूराबाई ने की थी । (नाना, पिता, दादा)

(11) कौसल्या को जयसवाल बनिया ने मैट्रिक पास करने पर _________ रुपये इनाम में दिए थे । (तीन, पाँच, ग्यारह)

(12) 'जूठन' आत्मकथा में ________ के बच्चे लेखक को चूहड़े का कहकर बुलाते थे । (यादव, ठाकुर, त्यागी)

(13) लेखिका ने अपने भाई के नाम पर अपने मकान का नाम ________ रखा ।
(मनोहर सदन, मनोहर भवन, मनोहर निवास)

(14) इंटर कॉलेज के पी.टी. मास्टर फूलसिंह त्यागी रामसिंह को ________ कहकर पुकारते थे ।
(काला दारोगा, होशियार दारोगा, लाल दारोगा)

---

Seat No. : _______________

# DA-120

**December-2013**

## M.A. (Sem.-III)

## 504 : Hindi

## (EB – महिला लेखन)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** (1) प्रत्येक प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक साथ लिखें ।
(2) लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें, शब्द में नहीं ।
(3) दाहिनी ओर लिखे गए अंक गुणांक हैं ।

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों की सीमा में लिखिए : **10**

(क) हिन्दी महिला लेखन का स्वरूप समझाइए ।

**अथवा**

नारीवाद की परिभाषा स्पष्ट करते हुए नारीवाद के प्रकारों की चर्चा कीजिए ।

(ख) टिप्पणी लिखिए : **4**

स्त्री अस्मिता का महत्त्व

**अथवा**

हिन्दी की महिला कहानीकार

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों की सीमा में लिखिए : **10**

(क) हिन्दी महिला लेखन का इतिहास लिखिए ।

**अथवा**

स्वतंत्रता पूर्व के महिला लेखन को प्रस्तुत कीजिए ।

(ख) टिप्पणी लिखिए : **4**

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी काव्य में नारीवाद ।

**अथवा**

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी महिला उपन्यासकार ।

3. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों की सीमा में लिखिए । **10**

(क) 'उपनिवेश में स्त्री' के आधार पर प्रभा खेतान के नारीवादी विचारों की समीक्षा कीजिए ।

**अथवा**

'स्त्री का अस्तित्व है, जो केवल संवेदना नहीं, बल्कि चेतना भी है' – वाक्य को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) टिप्पणी लिखिए : **4**

क्रान्ति चेतना के परिप्रेक्ष्य में नारी

**अथवा**

आज की नारी और उसके विचार

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों की सीमा में लिखिए : **10**

(क) 'शाल्मली' उपन्यास में नारी जीवन की मर्मकथा व्यक्त हुई है – कथन की पुष्टि कीजिए ।

**अथवा**

आज की समर्थ नारी को नये आयाम देनेवाली 'शाल्मली' के जीवन की शक्ति को दिग्दर्शित कीजिए ।

(ख) टिप्पणी लिखिए : **4**

शाल्मली का मानसिक द्वन्द्व

**अथवा**

नारी जीवन के परिप्रेक्ष्य में शाल्मली की माँ का विचार ।

5. सूचनानुसार कीजिए : **8**

(क) **एक** वाक्य में उत्तर दीजिए ।

(1) महिला लेखन की शुरुआत का श्रेय किस प्रदेश की महिला को जाता है ?

(2) हिन्दी के दो महिला कहानीकार का नाम बताइए ।

(3) समाज में स्त्री को कौन सा दर्जा दिया गया है ?

(4) 'स्त्रीवाद' के दो भेद लिखिए ।

(5) 'नारी' को किस रूप में उभरना है ?

(6) नासिरा शर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ?

(7) प्रभा खेतान का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(8) शाल्मली किस पद पर कार्यरत थी ?

(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **6**

(1) प्रभा खेतान की आत्मकथा का नाम _______ है ।

(2) सांस्कृतिक उपनिवेशवाद ________ के समय से शुरू हुआ ।

(3) 'स्त्री उपेक्षिता' ________ की मूलकृति है ।

(4) शाल्मली की शादी _______ से हुई थी ।

(5) 'शाल्मली' उपन्यास की लेखिका ________ है ।

(6) नरेश ________ पद पर कार्यरत था ।